हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 10 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

12 नागरिक अस्पताल के सामने फेंका एक्सपायरी...



12 यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ...



## खबर संक्षेप



### भाविप का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला से आए ऋषि राज गुप्ता एवं अन्य पदाधिकारियों ने शपथ दिलाई। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करके सबका मनमोहन लिया। इस मौके पर एचसी गोयल, चंद्रशेखर शर्मा, अनिल गोयल, सुशील सदलपुरिया, राजकुमार गोयल, कमल बंसल, कृष्ण धमीजा, संदीप सिंगला, प्रेम काजला, मुकेश भुटानी, अशोक कथूरिया सहित अनेक सदस्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी के मामले में एक आरोपी सांपला निवासी गोविंद उर्फ लीला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा सात मोबाइल फोन बरामद किए है। मामले में जांच अधिकारी एएसआई रविन्द्र ने बताया कि पीएलए पुलिस चौकी में जवाहर नगर निवासी प्रिंस ने उसके व उसके साथियों के मोबाइल फोन चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह जवाहर नगर में किराए के मकान में रहता है। गत रात वे अपने किराए के मकान पर सोए हुए थे कि किसी अज्ञात ने उसका व उसके चार साथियों के मोबाइल फोन चोरी कर लिए।

### साधु विकास गिरी हत्या मामले में दो गिरफ्तार

**उकलाना।** पुलिस की एबीवीटी टीम और थाना उकलाना पुलिस ने साधु विकास गिरी की हत्या मामले में आरोपी बिठमड़ा निवासी एक नाबालिग सहित दो को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी बिठमड़ा निवासी कश्मीर शामिल है जबकि दूसरा आरोपी नाबालिग है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित कुंडू ने बताया कि उक्त आरोपियों ने अपने एक साथी सहित शराब के नशे में 13-14 मार्च 2023 की रात में कलोदा रोड पर नाथु नाथ की जोहड़ी पर रहने वाले साधु विकास गिरी की लाठी डंडों से पिटाई कर हत्या की थी। हत्या उपरांत आरोपियों ने उसको नाश को नहर में फेंक दिया ताकि किसी को पता न लगे।

### वेतन का भुगतान करना भूली सरकार : यूनियन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने आरोप लगाया है कि सरकार चुनाव से पहले ज्वाइन करवाए गए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वेतन देना भूल गई है। संघ के अनुसार ग्रुप डी के नए कर्मचारी जिनको आयुक्त कार्यालय ने ज्वाइन करवाया था, उनके नवंबर व दिसंबर 2024 माह के वेतन का सरकार ने आज तक भुकतान नहीं किया है, जिससे कर्मचारियों में रोष है।

### रोटरी क्लब ने गुरुकुल में भेंट किए बैड व गद्दे

**हिसार।** रोटरी क्लब हिसार ने आज निकटवर्ती आर्यनगर में स्थित गुरुकुल विद्यापीठ में बच्चों के लिए 20 सिंगल बैड, गद्दों के साथ भेंट किए। रोटरी क्लब के इस प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट चेयरमैन देव कुमार गर्ग, विजय गर्ग रहे। इस मौके पर रोटरी क्लब के प्रधान मोहित गुप्ता ने कहा कि निःस्वार्थ भावना से किया भलाई का कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता और वह कार्य हमेशा सफल होता है। इस अवसर डॉ. विकास पुरी, संजय शर्मा, डॉ. केके वर्मा, आशीष गोयल, डीएन सिंगला, अश्विनी गर्ग, राम अवतार सिंगला, दीपक बंसल, देव कुमार गर्ग रहे।

## नए जिलों के गठन को लेकर बनी कमेटी की रिपोर्ट मिलते ही सरकार लेगी निर्णय: सीएम

# कांग्रेस के पास केवल लंगड़े घोड़े, बारात वाले जनता ने वापस किए: नायब सैनी

### मुख्यमंत्री बोले रेस वाले घोड़े केवल नरेन्द्र मोदी के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस के पास सारे घोड़े ही लंगड़े हैं। बारात वाले घोड़े तो जनता ने वापिस कर दिए हैं और ये सबने देखा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से हिसार से चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट को झंडी दिखाने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चंडीगढ़ दौरे व संगठन में जान फूंकने बाबत पूछा गया तो मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि उन्होंने संगठन मजबूत कर तो दिया। राहुल ने अपनी पार्टी में तीन तरह के घोड़े बताए हैं, एक तो रेस का घोड़ा, एक बारात का घोड़ा और एक लंगड़ा घोड़ा लेकिन कांग्रेस को समझ लेना चाहिए कि बारात का घोड़ा जनता वापिस कर चुकी है और रेस का घोड़ा केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास है। अब कांग्रेस के पास केवल लंगड़े घोड़े ही बचे हैं और उनसे ही काम चलाना है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का संगठन को बिल्कुल ही खत्म है। अच्छा है राहुल गांधी कुछ प्रयास करे तो इसमें कुछ जान आए लेकिन ऐसा लगता नहीं है। उन्होंने कहा कि वास्तव में भाजपा नेतृत्व वाली केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याण के कार्यों को कांग्रेस पचा नहीं पा रही। जनता ने कांग्रेस को भी 55 साल दिए, तीन पीढ़ियां लग गई लेकिन वे कार्य नहीं कर पाई जो आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार कर रही है। नए जिलों के गठन के सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नए जिलों के गठन को लेकर बनी कमेटी प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर रही है और जैसे ही



**हिसार।** महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर हिसार से चंडीगढ़ हवाई सेवा के शुभारम्भ अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### वर्तमान सरकार में बिना पर्ची-खर्ची मिल रही नौकरियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सिस्टम में परिवर्तन आया है और गरीब बच्चों को अपनी मेहनत के बल पर सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। हरियाणा में भी पिछले 11 वर्षों में योग्य उम्मीदवारों को पारदर्शिता के आधार पर नौकरी मिली है। जबकि पहले पर्ची- खर्ची पर नौकरियां मिलती थी। पहले तो पूरा माल था, अब पूरा कमाल है, ये अंतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही देखने को मिला है।



**हिसार।** महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर हिसार से चंडीगढ़ हवाई सेवा के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित जन को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### मोदी के नेतृत्व में भारत ने ली एक ऊंची उड़ान

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्ष पूरे हुए हैं और इन 11 सालों में देश किस गति से आगे बढ़ा है, यह हर भारतीय ने देखा है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत ने एक ऊंची उड़ान ली है। भारत का सम्मान दुनिया में बढ़ा है और सशक्त व मजबूत हुआ है। इन 11 वर्षों में देश में 150 से ज्यादा एयरपोर्ट, लगभग 2500 यूनिवर्सिटीज तथा आईआईटी व आईआईएम जैसे संस्थान बने हैं। ये मोदी का भारत है, सशक्त और मजबूत भारत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने और उसी गति से हमारी सरकार हरियाणा को भी विकसित हरियाणा बनाने के लिए आगे बढ़ा रही है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, कैबिनेट मंत्री राजेश नागर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ कमल गुप्ता, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक विनोद भयाना, विधायक रणधीर पनिहार, नागरिक उड्डयन विभाग की आयुक्त एवं सचिव पी अमनीत कुमार, आईएएस नरहरि बांगड़, उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, हांसी एसडीएम राजेश खोथ आदि रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में भारत ने ली एक ऊंची उड़ान: मुख्यमंत्री

**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हरियाणा के लिए गर्व का दिन है, क्योंकि हिसार का यह एयरपोर्ट हरियाणा का अपना पहला हवाई अड्डा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के लोगों को समर्पित किया। प्रधानमंत्री का सपना है कि देश का आम नागरिक भी हवाई सेवा का उपयोग कर सके और पिछले 11 वर्षों में इस सपने को कई मायनों में धरातल पर उतारा है। उसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर हिसार से अयोध्या के लिए हवाई सेवा का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया था। आज यहां से दूसरी हवाई सेवा की शुरुआत हुई है, जो शहीद भगत सिंह हवाई अड्डा चंडीगढ़ को जोड़ेगी। सीएम सैनी सोमवार को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर हिसार से चंडीगढ़ के लिए शुरु की गई फ्लाइट के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रह रहे थे। सीएम ने कहा कहा कि हिसार एयरपोर्ट के कारण आने वाले समय में हिसार उद्योग का भी हब बनेगा और विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे इस क्षेत्र का स्वाभाविक रूप से तेज गति से विकास होगा।

### हांसी ऑटो मार्केट में मिला अधेड़ का शव मिला



शिवचंद्र का फाइल फोटो

- एक दिन पहले लापता हुआ था घर से, आज करवाया जाएगा पोस्टमॉर्टम

**हांसी।** बस स्टैंड के समीप स्थित पुरानी ऑटो मार्केट में सोमवार शाम एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर बस स्टैंड चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। वहीं फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम घटनास्थल का मुआयना साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक की पहचान मूलतः बिहार व हाल न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी 58 वर्षीय शिवचंद्र के रूप में हुई है। मृतक शिवचंद्र रविवार रात को अपने घर नहीं लौटा था। पुलिस के अनुसार मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं, लेकिन उसकी मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगा। मृतक शिव चंद्र के बेटे विशाल ने बताया कि उसका पिता मेहनत मजदूरी का काम करते थे। रविवार सुबह काम पर जाने की बात कह कर घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो उन्हें ढूंढने का प्रयास किया गया लेकिन उनका कहीं कोई अता-पता नहीं चला। सोमवार शाम को फोन पर ऑटो मार्केट से शव मिलने की सूचना पर वह परिवार सहित मौके पर पहुंचा तो उसके पिता का शव मिला। उधर, शहर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि ऑटो मार्केट में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई थी।

## पार्षद ने वार्डवासियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

नगर निगम के वार्ड नंबर 16 से नवनिर्वाचित पार्षद राजेंद्र बिड़लान ने वार्ड के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक पटेल नगर मार्केट में स्थित अपने कार्यालय में बुलाई। बैठक में उपस्थित लोगों से वार्ड की समस्याओं को जाना। बैठक में उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित पार्षद राजेंद्र बिड़लान के समक्ष सीवर से संबंधित, स्ट्रीट लाइट, टूटी सड़कों, बिजली से सम्बंधित सफाई व पीने के पानी से संबंधित समस्या रखी। पार्षद राजेंद्र बिड़लान ने बताया कि सफाई से सम्बंधित का कार्य आज से सुचारू रूप से प्रारंभ करवा देंगे,इसके अलावा तीन सड़कों का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। इसके अतिरिक्त नई हाई मास्क लाइट भी वार्ड में लगनी प्रारंभ हो जाएगी।इस मौके पर पीड़ी तंवर सेवानिवृत आयकर अधिकारी, पिंकी खन्ना, नरेश महता, सुरेंद्र महता, डॉ. जयपाल बागड़ी, सुरेंद्र बिड़लान, लक्ष्मण दास, भारत भूषण शर्मा, कुलदीप गिल, अनिल पांचाल एडवोकेट, अजीत, सुरेंद्र नारंग, राजपाल, वतन बिड़लान, सन्नी, विक्की, शम्मी, गुरमेल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**हिसार।** नगर निगम के वार्ड नंबर 16 से नवनिर्वाचित पार्षद राजेंद्र बिड़लान वार्डवासियों की बैठक लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## सावित्री जिंदल ने होनहार छात्रों को सराहा

- हिसार के सक्षम जिंदल, गर्व पाहवा और केशव बंसल का जेईई एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शहर के होनहार छात्रों ने प्रतिष्ठित जेईई एडवांस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर हिसार का नाम पूरे भारत में रोशन किया है। सक्षम जिंदल ने ऑल इंडिया दूसरा रैंक, गर्व पाहवा ने ऑल इंडिया 54वीं रैंक और केशव बंसल ने ऑल इंडिया 62वीं रैंक हासिल की है। इन सभी छात्रों का संबंध हिसार से है। सोमवार को जिंदल हाउस में आयोजित एक विशेष समारोह में विधायक सावित्री जिंदल ने इन चमकते सितारों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। विधायक जिंदल ने छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिंदल ने कहा कि मुझे सक्षम, गर्व और केशव पर बहुत गर्व है। उनकी सफलता यह दर्शाती है कि कड़ी मेहनत और लगन से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। मुझे विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और देश के विकास में अपना योगदान देंगे।



**हिसार।** जेईई एडवांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थी विधायक सावित्री जिंदल के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

### किया प्रेरित

इस अवसर पर सावित्री जिंदल ने कहा कि यह उपलब्धि हिसार के लिए एक गर्व का क्षण है और यह निश्चित रूप से अन्य छात्रों को भी कड़ी मेहनत करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा। इन प्रतिभावान छात्रों को तिरंगा देते हुए सावित्री जिन्दल ने कहा कि तुमने इस ध्वज को और उंचा फहराना है।

सक्षम जिंदल, गर्व पाहवा और केशव बंसल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक डॉ. उमेश जिन्दल, डॉ. अनीता जिन्दल, प्रवीन पाहवा, हर्षलता, अनिल बंसल, सीमा बंसल के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्ति शकुन्तला राजलीवाला आदि रहे।

## नो पार्किंग में खड़ी 20 गाड़ियां क्रेन से उठाई

### प्रशासन की सख्ती, रहें सावधान

- नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर ट्रैफिक व्यवस्था को बाधित करने वालो के खिलाफ पुलिस कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अगर आप भी अपना दो पहिया या चार पहिया वाहन शहर में सड़क के किनारे कहीं भी खड़ा कर देते है तो सावधान हो जाएं। हिसार ट्रैफिक पुलिस कहीं पर भी वाहन पार्क कर देने वालों पर सख्ती कर रही है क्योंकि आपकी इस लापरवाही से न सिर्फ लोगों को परेशानी होती है बल्कि रोड जाम की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशानुसार अवैध रूप से शराब पीकर कही भी गाड़ी पार्क करने वालों पर कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर में अलग अलग जगह से नो पार्किंग और सड़क पर खड़ी 20 गाड़ियों को क्रेन से उठाकर ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाया है।ट्रैफिक थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने नो पार्किंग और अवैध रूप से सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। अगर कोई भी नागरिक सड़क के किनारे या नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर ट्रैफिक व्यवस्था को बाधित करता है तो उस वाहन का चालान कर उसे क्रेन द्वारा उठाया जा रहा है।



**हिसार।** नो पार्किंग में खड़े वाहन को ले जाती क्रेन। *फोटो: हरिभूमि*

## अवैध कब्जे की शिकायत पर जांच कर समाधान के निर्देश

### समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी आमजन की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर समाधान किया। समाधान शिविर में गांव खरकड़ा निवासी राकेश द्वारा अवैध कब्जा हटाने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने जिला नगर योजनाकार को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव दुर्जनपुर निवासी राजकुमार द्वारा मंडी में फसल बिक्री पैसे न मिलने की शिकायत पर उपायुक्त ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को मामले की जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार हिसार निवासी अमरचंद ने उनकी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर उपायुक्त ने हिसार आईटीआई की प्रधानाचार्या को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आदर्श कॉलोनी, कैंट निवासी धर्मवीर द्वारा मीटर में गलत केबल लगाने व हिसार निवासी सुनीता की बिजली का बिल अधिक आने की शिकायत पर उपायुक्त ने डीएचबीवीएन के एसई को समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार नवदीप कॉलोनी निवासी वेदप्रकाश द्वारा गली निर्माण में अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार को मामले की गहनता से जांच कर समाधान करने के निर्देश दिए।

### बंदा वीर बहादुर को 305वीं पुण्यतिथि पर किया याद

**हिसार।** सिख इतिहास के अमर योद्धा और गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रिय शिष्य बंदा वीर बहादुर की 305वीं पुण्यतिथि आर्यनगर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता हनुमान वर्मा ने बंदा वीर बहादुर के जीवन, वीरता और बलिदान को नमन किया। मात्र 38 वर्ष की आयु में उन्होंने हिंदू धार्मिक ग्रंथों के विद्वान से एक अद्वितीय योद्धा और प्रेरक नेता के रूप में पहचान बनाई। बंदा वीर बहादुर का जीवन हमें सिखाता है कि सत्य और न्याय के लिए किसी भी बलिदान से पीछे नहीं हटना चाहिए।

### गंदे पानी में से निकलकर करने पड़ते हैं सभी कार्य

## गांव बास में लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर

- गांव बास की मुख्य गली में पिछले पांच साल से पानी की निकासी न होने के कारण पानी भरा रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

गांव बास की मुख्य गली में पिछले पांच से पानी की निकासी न होने के कारण गंदा पानी भरा रहता हैं। जिसके कारण ग्रामीण नरकीय जीवन जीने पर मजबूर हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीण उच्चाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन उनकी सुनवाई कोई नहीं कर रहा। बास गांव को आदर्श गांव का दर्जा भी मिला हुआ था। ग्रामीण महिलाएं ममता शर्मा, शीला, गुड्डी, सुमन, सुमित्रा, कमलेश, भतेरी, चंदों इत्यादि ने बताया कि हमारा गांव में रहना दुर्भर हो रहा है। या तो सरकार हमारी समस्या का समाधान कर दें अन्यथा हमें पाकिस्तान में भेज दे। हर अधिकारी के दरवाजे पर दस्तक दे चुके हैं लेकिन हमारी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है। हमारे छोटे-छोटे बच्चे जब स्कूल में जाते हैं तो काफी बार इस गंदे पानी में गिर जाते हैं। उनकी पढ़ाई भी वंचित होती हैं। कोई भी अच्छा कार्य करने के लिए कही जाते हैं तो हमे इस गंदे पानी में से निकलना पड़ता हैं। हमारे पांवों में एलर्जी के कारण बीमारी लग चुकी।



**नारनौंद।** गांव बास की मुख्य गली में गंदे पानी में खड़ी हुई महिलाएं।

### कई बार कर चुके शिकायत, समाधान नहीं हुआ

ग्रामीण हरिओम शर्मा, अंकित, कपिल, सतीश, विनोद, संजय, राजबीर, रोशन, ईश्वर, रामचन्द्र आदि ने बताया कि पिछले सालों से इस गली में गंदापानी भरा रहता हैं जिसमें कीड़े व मच्छर इतनी ज्यादा संख्या में पनप चुके हैं गांव में कोई भी भयंकर बीमारी फैलने का भय बना हुआ है। इस समस्या को लेकर काफी बार जिला उपायुक्त से भी शिकायत कर चुके हैं। पिछले दिनों चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करके इस समस्या की लिखित में शिकायत दे चुके हैं लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। नालों की सफाई तक नहीं होती। जो कि बड़े हादसों को न्यौता दे रहे हैं।



हरिभूमि
# सहेली
रोहतक, मंगलवार
10 जून 2025
10

फादर्स-डे, 15 जून
स्पेशल

# नए दौर के केयरिंग-लविंग पापा

कवर स्टोरी
नयनतारा

वह दौर गया जब परिवार में पिता की बहुत सख्त छवि हुआ करती थी। बच्चों की परवरिश पर वह ज्यादा ध्यान नहीं देते थे, यह जिम्मेदारी मां की होती थी। आज के पापा अपने बच्चों की जिम्मेदारी बहुत खूबसूरती ने निभा रहे हैं। वे अपनी पारंपरिक छवि से बाहर आकर एक संवेदनशील गाइड के रूप में दिख रहे हैं। आज के पापा अपने बच्चों की भावनात्मक जरूरतों को समझते हैं। आज के केयरिंग पापा, बच्चों के करियर के प्रति भी कॉन्शस हैं। वह उनके सर्वांगीण विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं।

आज के समय में पिता की पारंपरिक भूमिकाएं कुछ दशकों पहले के मुकाबले बहुत बदल गई हैं। आज के पिता अपने बच्चों के केवल पालक या उन्हें अनुशासन में रखने वाले भर नहीं, अपने बच्चों के जीवन में भावनात्मक, बौद्धिक और सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाले और मजबूत बनाने वाले मेंटर हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो आज के पिता अपने बच्चों को पाल-पोसकर बड़ा ही नहीं कर रहे, उनका व्यक्तित्व निर्माण भी कर रहे हैं।

**पारंपरिक जिम्मेदारियों से बहुत आगे :** कुछ दशक पहले तक जहां पिता का काम मुख्य रूप से परिवार का पालन-पोषण और उसे आर्थिक रूप से सुरक्षित करना होता था, वह काम तो आज भी पिता के जिम्मे है, लेकिन अब उनकी भूमिकाएं इस पारंपरिक जिम्मेदारी से काफी हद तक आगे बढ़ चुकी हैं। आज के पापा अपने बच्चों के स्कूल प्रोजेक्ट में हेल्प करते हैं, उनकी पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखते हैं, इस पर अपना जरूरी दखल देते हैं, पैरेंट्स टीचर मीटिंग में शामिल होते हैं, बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य से लेकर उनके मानसिक स्वास्थ्य तक की परवाह करते हैं।

**एक संवेदनशील गाइड का रोल:** आज के पापा अपने बच्चों के पालन-पोषण के साथ उनके सर्वांगीण विकास में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। इस वर्ष 15 जून को मनाए जाने वाले फादर्स-डे की इस साल थीम भी कमोबेश यही है। इस साल की थीम, 'फादर्सः नर्चरिंग रिलेशन एंड टैपिंग फ्यूचर' यानी बच्चों का लचीलेपन के साथ पोषण करते हुए उनके भविष्य को आकार देना है। अगर कहा जाए कि इस थीम को भारत के



महानगरों में ही नहीं बल्कि छोटे और मझोले शहरों में भी पहले से ही, आज के पापाओं ने अपना लिया है, तो इसमें कोई दो राय नहीं होगी। मसलन, आज के पिता पारंपरिक पिताओं की तरह घर में अनुशासन सिखाने वाले वट वृक्ष नहीं हैं, उनकी भूमिका एक संवेदनशील गाइड के रूप में उभर रही है। जबकि कुछ दशक पहले तक हमारे पारंपरिक पिता कठोर अनुशासन के प्रतीक हुआ करते थे। आज के पापा अपने बच्चों की भावनाओं को सुनते हैं, उनसे खुले रूप में संवाद करते हैं और उनकी पसंद-नापसंद पर ध्यान देते हैं। इन सबके साथ ही आज के पापा बच्चों की भौतिक के साथ-साथ भावनात्मक जरूरतों को भी समझते हैं।

### घरेलू कामों में सक्रिय भागीदारी

**बीते दौर** में पिता अपनी भूमिकाओं को घर के बाहर के कामों तक ही सीमित रखते थे, जबकि आज के पिता घरेलू कामों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे खाना बना रहे हैं, बच्चों को मांओं की तरह लिखा-पढ़ा रहे हैं, उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार कर रहे हैं, कई बार स्कूल छोड़ने और लाने भी जाते हैं। आज के पापा ये काम हंसी-खुशी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, आज के दौर के पापा घर के किसी विशेष आयोजन में साफ-सफाई से लेकर किचन तक की भूमिकाओं में सहयोग करने को तत्पर रहते हैं। अब पापा पहले जैसे घर के बाहर ही काम करने वाले नहीं रहे।



**बच्चों के करियर के प्रति कॉन्शसः** आज के पापा बच्चों के करियर पर भी ध्यान देते हैं, उनकी पसंद-नापसंद यानी उनकी हॉबी को विकसित करने में, उनमें उसे विशेष पारंगत बनाने में भी जो संभव भूमिका होती है, उसे निभाते हैं। यही नहीं वे बच्चों की आत्मनिर्भरता को गंभीरता से लेते हैं। पहले के पिता बच्चों पर अकसर अपने सपने थोप देते थे, जबकि आज के पिता अपने बच्चों के सपनों को महत्व देते हैं। अगर उनके बच्चे पारंपरिक करियर से हटकर किसी ऐसे करियर में रुचि दर्शाते हैं, जो अभी तक बहुत सफल और स्पष्ट नहीं, तो आज के पिता उनके इस जोखिम पर भी साथ खड़े होने की हिम्मत दिखाते हैं।

**नई तकनीक सीखने में कोई हिचक नहीं:** आज के पापा अब डिजिटल दुनिया में बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। जबकि कुछ दशक पहले तक बच्चे और उनके पिता तकनीक के मामले में अलग-अलग दौर में जीते थे। कुछ दशक पहले तक पिता बड़ी आसानी से यह बात स्वीकार कर लेते थे कि नए जमाने की तकनीक से उनका क्या लेना-देना है? यह बच्चों की जरूरत है, उन्हें ही इसकी जानकारी रखनी चाहिए। जबकि आज के पापा न सिर्फ नए जमाने की तकनीक पर दिलचस्पी लेते हैं बल्कि वे इस पर दक्षता भी हासिल करते हैं ताकि अपने बच्चों को भी इसमें दक्ष बना सकें या उनके साथ उनके स्तर पर बर्ताव कर सकें। यही कारण है कि सोशल मीडिया, गेम्स और इंटरनेट से जुड़ी आज की अभिरुचियां बच्चों और उनके पापाओं में किसी हद तक साझी हो चली हैं। आज के पापा अपने बच्चों को रिस्पॉन्सिबल डिजिटल सिटीजन बनने में उनको अपनी गाइडेंस देते हैं।

**को-पैरेंटिग में यकीनः** आज के पिता पालन-पोषण को सिर्फ बच्चों की मांओं की जिम्मेदारी नहीं समझते बल्कि को-पैरेंटिंग के विचार पर यकीन रखते हैं। इसलिए आज माता-पिता दोनों मिलकर बच्चों की जिम्मेदारी उठाते हैं। यही कारण है कि पिता अब समान रूप से एक जिम्मेदार अभिभावक बन चुके हैं। विशेष रूप से सिंगल फादर या स्टे एट होम डैड की संज्ञा दिनों दिन बढ़ रही है। इसलिए माना जाता है कि भारत में पिता की भूमिकाएं कुछ दशक पहले तक के पिता की भूमिकाओं से काफी हद तक बदल गई हैं।

**पापा और बच्चे दोनों जाहिर कर रहे हैं अपनी फीलिंग्सः** भारत में पिताओं के स्वभाव और उनकी इस सोच में परिवर्तन लाने में किसी हद तक फादर्स-डे की भी अपनी भूमिका है। हालांकि पश्चिम की तरह भारत में फादर्स-डे कोई त्योहार नहीं है, लेकिन यह मानने में कतई गुरेज नहीं करना चाहिए कि आज के शहरी भारत में फादर्स-डे जैसे स्पेशल डे की अपनी एक संवेदनशीलता है। यही वजह है कि हमारी पारंपरिक संस्कृति में फादर्स-डे न होते हुए भी आज के भारत में यह बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बच्चे आजकल फदर्स-डे का बड़े उत्साह के साथ इंतजार करते हैं। हमारे देश के बच्चे भी पश्चिमी देशों के बच्चों की तरह अपने पापाओं को इस दिन कार्ड देते हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से संदेश देते हैं, शुभकामनाएं देते हैं और पापाओं के प्रति अपने प्रेम-स्नेह को प्रकट करते हैं। जबकि पहले हमारे यहां का चलन यह था कि न तो पिता, इस बात को जाहिर होने देते थे कि वे अपने बच्चों को बहुत प्यार करते हैं और न ही बच्चे सार्वजनिक रूप से यह दिखाते थे कि वे अपने पिता का बहुत आदर-सम्मान करते हैं।

**फादर्स-डे की उपयोगिताः** पिछले एक-दो दशक में सिर्फ शहरी भारत की लाइफस्टाइल ही तेजी से नहीं बदली, बल्कि समग्रता में बहुत-सी नई और अनुकरणीय पश्चिमी बातों को भी हमारा शहरी समाज खुले दिल से स्वीकार कर रहा है। यही कारण है कि अब फादर्स-डे एक सम्माननीय दिन बन चुका है और यह हमारे बच्चों के समग्र विकास के लिए बहुत लाभकारी भी साबित हुआ है। ❀

---

बहुत अनमोल होता है, पिता-बेटी का रिश्ता। जहां बेटी के लिए पिता शीतल छाया, उसके जीने की राह होते हैं, वहीं लाडली बेटियां भी अपने पिता की मुस्कान, अभिमान होती हैं। पिता के लिए बेटियां ईश्वर की सबसे बड़ी नियामत, उनके जीवन की सुगंध होती हैं। पिता-बेटी के प्यारे-सलोने रिश्ते को रेखांकित करता आलेख।

## बहुत प्यारा-न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता



भीने-मीठे एहसास
श्रुति आयंगर

बहुत प्यारा, बहुत न्यारा होता है पिता-बेटी का रिश्ता, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, बस एहसास किया जा सकता है। जब पहली बार नन्ही-सी परी अपने पिता की गोद में आती है, तो एक नासमझ-सा युवा अचानक बहुत समझदार-जिम्मेदार हो जाता है। जब वह अपनी नन्ही बिटिया को गोद में लेता है तो उसे इस बात का बोध होता है, जिंदगी के हर मोड़ पर उसे अपनी गुड़िया के साथ खड़े रहना है, साथ निभाना है। उसकी हर खुशी का ख्याल रखना है। हर लड़की अपने पापा की प्यारी-प्रिंसेस होती है। पिता-बेटी के अनमोल रिश्तों के एक नहीं कई पहलू हैं।

**बहुत अलग है केमिस्ट्री-बॉन्डिंगः** पिता-बेटी के बीच ऐसी खूबसूरत केमिस्ट्री-बॉन्डिंग होती है, जिसे और कोई नहीं समझ सकता है, बस वे दोनों ही समझ सकते हैं। एक बेटी अपने पिता की बात जितनी जल्दी जान पाती है, उतना दूसरा कोई नहीं। तभी तो सब कहते हैं कि पापा के दिल के सबसे करीब होती है उनकी प्यारी बिटिया। हर लड़की अपने पिता की छत्रछाया में खुद को सुरक्षित महसूस करती है।

**पापा हैं सुपरमैनः** हर बेटी की नजरों में उसके पापा किसी सुपरमैन से कम नहीं होते। उनके पास हर मुश्किल का जादुई हल होते हैं। चाहे वो टूटे खिलौने को जोड़ना हो या फिर बिटिया का बिगड़ा मूड ठीक करना हो या मम्मा की डांट से बचाना हो या मम्मी से छुपाकर बेटी को अपनी फेवरेट चॉकलेट, आइसक्रीम खाना हो, पापा इन सभी कामों को मजे से अंजाम देते हैं। पापा ऑफिस के तनाव में भी अपनी गुड़िया की बातें सुनते हैं, उसकी हर शरारत में उसके साथी बन जाते हैं। अपनी बेटी की मुस्कान उनके लिए सबसे बड़ी नियामत होती है। बेटी के लिए पापा सब कुछ करने को तैयार रहते हैं। उसकी हर एक फरमाइश को पूरा करते हैं। यही तो होता है-रियल सुपरमैन। जब नन्ही बिटिया के गिरने पर उसे चोट लगती है, तो वह यही सोचती है, 'डोंट वरी, पापा हैं ना, फूंक मार देंगे, तो सब ठीक हो जाएगा।' और



### सच्चा और अटूट रिश्ता

**पिता-बेटी** का रिश्ता वक्त के साथ कभी बदलता नहीं है, पिता-बेटी का रिश्ता शब्दों का भी मोहताज नहीं होता है। बचपन में बेटी की पहली मुस्कान से लेकर उसके हर सपने तक, विदाई तक, पापा हर मोड़ पर उसके साथ रहते हैं। वक्त गुजरता है, बेटी बड़ी हो जाती है, जिम्मेदारियां बदल जाती हैं- पर पिता का प्यार उसकी परवाह और उसका रिश्ता वैसा का वैसा रहता है, हमेशा एक जैसा, सच्चा और अटूट।

वाकई पापा के ऐसा करने पर बिटिया अपनी चोट भूल जाती है, दर्द उड़न-छू हो जाता है।

**बेस्ट फ्रेंड होते हैं पापाः** बेटी जब धीरे-धीरे बड़ी होती है, पापा उसके लिए सिर्फ पिता नहीं होते, बेस्ट फ्रेंड हो जाते हैं। जब तब आराम से बैठकर घंटों बातें करते हैं, स्कूल-कॉलेज के किस्से सुनते हैं। अपने डर और सपने बताना है या या कोई खुशी या दुख जाहिर करना है, ये सब बातें बेटियां बेझिझक अपने पापा से ही शेयर करती हैं। उनका सच्चा बेस्ट फ्रेंड अगर कोई है तो वो पापा ही होते हैं। वे ऐसे फ्रेंड होते हैं, जो ना जज करते हैं, ना नाराज होते हैं, ना कभी धोखा देते हैं। पापा अपनी बेटी के मन की बातें बिना कहे की समझ जाते हैं।

**प्रेरणास्त्रोत हैं पापाः** बचपन में जब बेटी चलना सीखती है, तो पापा उसकी अंगुली थामे रहते हैं, चलना सिखाते हैं। फिर पूरी जिंदगी यही अंगुली राह दिखाती है- कभी सलाह बनकर तो कभी हौसला बढ़ाकर। बेटी के लिए पापा सिर्फ एक अभिभावक नहीं होते, उसके सबसे बड़े प्रेरणा स्त्रोत होते हैं, जो उसे कभी हार नहीं मानने देते हैं। अपनी लाडली की सबसे बड़ी ताकत बन जाते हैं पापा। ❀

---

बॉन्डिंग
अलका 'सोनी'

मां का प्यार तो खिली धूप जैसा प्रकट दिखता है, महसूस होता है, जबकि पिता का प्यार शीतल छाया की तरह हमेशा पास होकर भी अदृश्य रहता है। लेकिन कठिन समय में वही छाया संतान के लिए सुरक्षा कवच बन जाती है।

## प्यार तो करते हैं पर जताते नहीं पापा

मां के प्यार को तो अकसर शब्द, स्पर्श और आंसुओं में ढूंढ़ लिया जाता है, लेकिन पिता का प्यार, अकसर मौन होता है, गहरा होता है और छुपा होता है। वह प्यार जो न लोरी बनता है, न गले लगकर बहता है, लेकिन अपनी संतान की हर छोटी-बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए हमेशा उपस्थित होता है। सच, हम सबके पापा ऐसे ही होते हैं, जो जताते नहीं, फिर भी सबसे अधिक प्यार करते हैं।

### प्रतीकों में प्रकट होता प्यार

पिता अपनी भावनाओं को शब्दों से नहीं, प्रायः प्रतीकों में और मौन गतिविधियों से व्यक्त करते हैं। सर्दी की ठिठुरती रात में वे आधी रात को अकसर उठकर चुपचाप आपको कंबल ठीक से ओढ़ा जाते हैं। आपके बीमार होने पर जब तक आपको नींद नहीं आ जाती बेचैनी से चहलकदमी करते रहते हैं या आपके सिरहाने बैठ जाते हैं। आपके कॉलेज ट्रिप पर जाने की सूचना मिलने पर आपसे डायरेक्ट नहीं लेकिन मां के जरिए आपको कुछ एक्सट्रा पैसे दिलवाते हैं



कि उनकी बिटिया को सफर में कोई परेशानी न हो। ऐसा वो और बहुत कुछ करते रहे हैं और जब भी मौका मिलता है, आज भी करते हैं।



चली गई थीं। यह भी याद आएगा आपको कि जब किसी प्रतियोगिता में आप हारकर निराश हो गई थीं, तब पापा ने पीठ थपथपा कर कहा था, 'बेटा, कोशिश करना मत छोड़ना। तुम जरूर जीतोगी।' आपका तो हौसला बढ़ा दिया लेकिन आपकी निराशा को अपने भीतर लेकर कई दिन अनमने से बिताए थे।

### याद करें वो लम्हे

अगर याद करें तो अतीत में बिताए ऐसे कई लम्हे याद आ जाएंगे, जब पिता हमारे आस-पास रहकर चुपचाप हमारी केयर करते थे। जब आप पहली बार साइकिल चलाना सीखने की कोशिश में बार-बार गिर रही थीं, तब पापा ने ही साइकिल को पीछे से पकड़कर आपको संतुलित होना सिखाया था। लेकिन कभी जताया नहीं कि वह इस बात को लेकर कितना चिंतित रहते थे कि कहीं गिरकर आपको चोट न लग जाए। या स्कूल का वो पहला दिन, जब मां ने तो आंखें पोंछकर आपको विदा किया था लेकिन पापा स्कूल के गेट के पीछे से आपको तब तक देखते रहे थे, जब तक आप क्लासरूम में नहीं

### जिम्मेदारियों तले दबा स्नेह

कई बार शांत दिखते समंदर के भीतर लहरों की हलचल भरी रहती है। ठीक उसी तरह ऊपर से चुप्पी साधे पिता के मन में भी हमारे लिए आगाध चिंता और प्यार छिपा होता है। जरूरत होती है बस, उस भाषा को समझने की। वास्तव में पिता की बेशुमार जिम्मेदारियां ही होती हैं, जो उनको बाहरी रूप से कठोर बना देती हैं। वे हमारी चिंता करते हैं, भविष्य बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने की सोचते हैं, लेकिन बिना किसी को प्रकट किए। ऐसा इसलिए कि शायद उन्हें लगता है कि उनका भावुक होना, उनके बच्चे को कमजोर कर देगा। वास्तव में उन्हें एहसास होता है कि उनकी छाया में उनके बच्चे हर तपिश से सुरक्षित हैं। इसीलिए वे अपने हर त्याग को हंसते हुए छुपा लेते हैं। सच, पिता बनने के बाद उनका जीवन अपनी संतान को ही समर्पित हो जाता है। ❀

---

डाइट सजेशन
ललिता गोयल

## अपनाएं सही डाइट प्लान बढ़ती एज में पापा रहेंगे हेल्दी

हर बेटी चाहती है कि उसके पिता का साया उसके सिर पर हमेशा बना रहे, उसके पिता हमेशा हेल्दी और फिट रहें। लेकिन बढ़ती उम्र के साथ हेल्दी और फिट रहने के लिए अन्य बातों के अलावा जरूरत होती है सही डाइट प्लान फॉलो करने की।

**लो फैट फूड्सः** उम्र बढ़ने के साथ पाचन क्रिया धीमी पड़ने लगती है। ऐसे में शरीर को फैट पचाने में कठिनाई होने लगती है। साथ ही हाई फैट वाली चीजों को खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है और दिल की बीमारियों का रिस्क भी बढ़ता है। इसके अलावा इससे कब्ज की समस्या बढ़ जाती है। इसलिए बेटियां ध्यान रखें कि उम्र बढ़ने के साथ उनके पिता लो फैट वाले फूड्स का ही सेवन करें।



**प्रोटीन है जरूरीः** डाइट में प्रोटीन का होना बेहद जरूरी होता है। दरअसल, 50 से 60 की उम्र के बीच मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इसी वजह से हाथ-पैर में दर्द, हड्डियों से जुड़ी बीमारियां होने लगती हैं। इसलिए इन तमाम परेशानियों से बचे रहने के लिए डाइट में प्रोटीन से भरपूर फूड्स जैसे सोया मिल्क, टोफू, दूध, दही, पनीर और कुछ ड्राई फ्रूट्स शामिल करने चाहिए। आपकी पहली प्राथमिकता प्लांट बेस्ड प्रोटीन की होनी चाहिए, इसके अलावा मीट, चिकन, अंडे, फिश और सूखे मेवे का सेवन भी करवाया जा सकता है।

**ओमेगा 3 फैटी एसिडः** अपने पापा को ब्रोकली, कैबेज, हरी पत्तेदार सब्जियां, अखरोट, स्प्राउट्स, ग्रीन टी, बेरीज आदि का सेवन जरूर कराना चाहिए। इन सभी में ओमेगा 3 फैटी एसिड भी होता है, जो दिल की बीमारियों और कैंसर से बचाव करने में भी मदद करता है। ओमेगा 3 फैटी एसिड के सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं। साथ ही यह अल्जाइमर यानी कि भूलने की बीमारी, इनसोमनिया (नींद ना आना), चिंता और अवसाद जैसे कई मानसिक रोगों से भी बचाता है।



**फाइबर है जरूरीः** बढ़ती उम्र में आपको अपने पापा की डाइट में ऐसी सब्जी और फलों को शामिल करना होगा, जिनमें प्रचुर मात्रा में फाइबर मौजूद हो। फाइबर के जरिए ही कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर को संतुलित रखा जा सकता है।

**विटामिन और कैल्शियमः** बढ़ती उम्र के लोगों में हड्डियों को हेल्दी रखने के लिए कैल्शियम, और विटामिन डी की आवश्यकता होती है। कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे दूध, हरी पत्तेदार सब्जियां, मछली आदि का सेवन पापा को करवाएं। विटामिन डी के स्त्रोतों में फैटी मछली, जैसे सैल्मन और अंडे आदि का सेवन करने को कहें। ❀

**(डाइटिशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

---

केयर
रजनी अरोड़ा

याद कीजिए, बचपन या किशोरावस्था में जब कभी आप किसी बात पर रूठ जाती थीं तो पापा ही सबसे पहले मनाने आते थे। आपको कभी अकेले या गुमसुम नहीं रहने देते थे। तो अब वृद्धावस्था में अगर वे अपने आपको एकाकी महसूस करते हैं तो आपको उन्हें अपने प्यार-स्नेह का संबल जरूर देना चाहिए।

## एकाकी पिता को दें अपने प्यार-स्नेह का संबल

एक मजबूत और जिम्मेदार इंसान के तौर पर जिंदगी के हर मोड़ पर बच्चों की अच्छी परवरिश और कामयाब इंसान बनाने के लिए पिता सशक्त स्तंभ की भूमिका निभाते हैं। लेकिन ढलती उम्र में एक ओर जहां वे रिटायरमेंट के बाद खालीपन के फेज से गुजर रहे होते हैं, तो इसके साथ ही बच्चों के उच्च शिक्षा या करियर के लिए देश-विदेश बस जाने या फिर जीवनसंगिनी के साथ छोड़ जाने का दर्द भी उन्हें झेलना पड़ता है। ऐसे में कई बार एकाकी जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं।

**एकाकीपन के कारणः** सेवानिवृत्ति के बाद बढ़ती उम्र में एकाकीपन के कई कारण हो सकते हैं। पार्टनर के साथ छोड़ जाने का दुख, गतिशीलता में कमी और कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ब्रेन की फ्लेक्सिबिलिटी यानी न्यूरोप्लास्टिसिटी कम हो जाती है, जिससे डिमेंशिया, अल्जाइमर जैसी समस्याएं होने लगती हैं। सामाजिक सहभागिता कम होने और भावनात्मक अभिव्यक्ति न कर पाने की वजह से वो निराशा या कई तरह के मनोविकारों से घिर जाते हैं और खुद को अकेलेपन में समेट लेते हैं।



प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक अब्राहम मास्लो की नीड थ्योरी के अनुसार, इंसान को सिर्फ मूलभूत शारीरिक जरूरतें ही नहीं, बल्कि इमोशनल सिक्योरिटी, आत्मसम्मान और संबंधों में आत्मीयता, सहभागिता की भी जरूरत होती है। अकेले रह रहे पिता इन जरूरतों को और गहराई से महसूस करने लगते हैं। जब ये जरूरतें पूरी नहीं होतीं, यानी बच्चे उनके साथ संपर्क बनाकर नहीं रखते, तो मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है।

**बेटी से होता है ज्यादा जुड़ावः** वैज्ञानिक मानते हैं कि बेटियां अपने पिता के साथ भावनात्मक रूप से अधिक जुड़ी होती हैं। एमोरी यूनिवर्सिटी, अमेरिका की एक रिसर्च के अनुसार बेटियां भावनात्मक रूप से ज्यादा संवेदनशील और केयरिंग होती है। बेटियां पिता की भावनाओं, मूड और व्यवहार को बेहतर समझती हैं। उनकी बातों को इत्मीनान से सुनकर रिस्पोंड करती हैं और इमोशनल बॉन्डिंग बना लेती हैं। पिता भावनात्मक सुरक्षा और अपनापन मिलने की वजह से बेटों की तुलना में बेटियों से ज्यादा जुड़ते हैं, अधिक सहज महसूस करते हैं। बेटियों के चेहरे के हाव-भाव और आवाज के उतार-चढ़ाव को बेहतर तरीके से समझते हैं और अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं। ऐसे में बेटियों को चाहिए कि वे अपने पिता को भरपूर समय और स्नेह दें। इससे पिता का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दरअसल, हम सभी का एक इमोशनल कंफर्ट जोन होता है और वो जिंदगी की हर स्टेज में महत्वपूर्ण रोल निभाता है। बेटी और पिता में यह बहुत मजबूत संबंध होता है, जो उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता रहता है। बस जरूरी है, बेटी को हर स्थिति में अपने पिता से जुड़े रहना। बेटी चाहे दूर हो या पास, पिता का ख्याल रखने, उनकी जरूरतों को पूरा करने का भरसक प्रयत्न करते रहना चाहिए।

**हॉबी से जोड़ेंः** पापा के अकेलेपन को दूर करने के लिए गौर करें कि अगर पिता को गार्डनिंग, पेंटिंग, रीडिंग का शौक है तो आपको उन्हें अपनी हॉबी को पूरा करने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। इसके लिए उन्हें उनकी रुचि की नई किताबें भेंट दे सकती हैं ताकि वे बोरियत महसूस न करें। या फिर किसी खास दिन पर पिता को सरप्राइजिंग गिफ्ट भी दे सकती हैं। निश्चय ही इससे उन्हें असीम खुशी का एहसास होगा। ❀

**(ब्रिटिश यूनि. बहरीन में साइकोलॉजी की प्रोफेसर डॉ. कोमल चावला से बातचीत पर आधारित)**

**खबर संक्षेप**


हिसार। गोपुत्र सेना की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

## नवीन जिला सचिव व अनिल उपाध्यक्ष बने

**हिसार।** गौसेवार्थ मिशन 'एक रूपया-एक रोटी' क्रांतिकारी वैचारिक संगठन गौपुत्र सेना की जिला कार्यकर्ता बैठक बाबा दयापुरी गौशाला सेवा समिति में जिला सचिव सौरभ नोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गौपुत्र सेना के जिला सचिव सौरभ नोयल ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गौपुत्र सुनील क्रांतिकारी नें शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए सुनील क्रांतिकारी ने कहा कि खाली जयकारे लगाने से गोमाता नही बचने वाली, हमें घर-घर गौपालन करना होगा और जब तक पंचगव्य का दैनिक जीवन में प्रयोग नहीं होगा तब तक गाय की रक्षा करना असंभव है।


हिसार। किसानों को जानकारी देते डॉ. बीडी यादव।

## ग्वार बिजाई के लिए अब उपयुक्त समय : डॉ. यादव

**हिसार।** ग्वार बारानी क्षेत्रों की महत्त्वपूर्ण फसल है, जो कम खर्च में अधिक आमदनी देती है। साथ ही भूमि की उपजाऊ शक्ति में भी सुधार लाती है जो आगामी सरसों व गेहूं की फसल के लिए बहुत फायदेमंद है तथा इन फसलों में 25 से 30 प्रतिशत नत्रजन की बचत करती है। यह बात ग्वार विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने कृषि विभाग के तत्वावधान में गांव दड़ौली में आयोजित कृषक शिविर में किसानों को जानकारी देते हुए कही। डॉ. यादव ने बताया कि ग्वार की बिजाई के लिए जून माह का दूसरा पखवाड़ा सबसे उपयुक्त है और ग्वार की बिजाई के लिए अब समय शुरू हो गया है। जिस किसान के पास नहर का पानी उपलब्ध है वह अपने खेतों में जून के महीने में पानी लगाकर या प्री-मानसून/मानसून की बारिश पर बिजाई करके अच्छी पैदावार ले सकते हैं। इस अवसर पर सेवानिवृत उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. वृजलाल बैनिवाल मुख्य अतिथि थे।

# अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल की अगुवाई में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, करीब 3 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त

पड़ाव चौक के पास एक गोदाम पर छापा देर शाम तक चलता रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की टीम ने सोमवार की सायं पड़ाव चौक के पास एक गोदाम पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने भारी संख्या में सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद किया। सिंगल यूज प्लास्टिक के सामान को जब्त कर निगम कार्यालय में लाया गया है। जब्त किया गया सिंगल यूज प्लास्टिक मात्रा करीब 3 क्विंटल बताई जा रही है। देर शाम तक इस मामले में कार्रवाई जारी थी। जब्त माल में सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी पत्तल, गिलास, डोंगे आदि शामिल है। जानकारी के अनुसार नगर निगम प्रशासन को शिकायत मिली थी कि पड़ाव चौक एरिया में पीजीएसडी स्कूल के सामने एक गोदाम में भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक रखा हुआ है। यह सिंगल यूज प्लास्टिक शहर के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी सप्लाई किया जाता है। इस पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल तथा नगर निगम सचिव राहुल सैनी की टीम ने सोमवार की सायं गोदाम पर छापा मारा। छापे के दौरान टीम को गोदाम में भारी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक से तैयार माल बरामद हुआ। टीम ने वहां से बरामद माल को जब्त कर लिया और गाड़ियों में डालकर निगम में भिजवा दिया। उधर, निगम की इस कार्रवाई के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। बता दें कि निर्जला एकादशी पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने स्वयं शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में छबीलों का निरीक्षण करने पहुंची तो उन्होंने देखा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के गिलासों में मीठा पानी पिलाया जा रहा था और डिस्पोजल का कचरा फैलाया जा रहा था। अतिरिक्त आयुक्त ने टीम के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक गिलासों को जब्त किया था और संस्थाओं के माध्यम से स्टील के गिलास उपलब्ध करवाए थे।


नगर निगम टीम द्वारा गोदाम से जब्त सामान

## निगमायुक्त ने किया लिगेसी वेस्ट और डोर टू डोर प्रोसेसिंग प्वाइंट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगमायुक्त नीरज ने सोमवार को लिगेसी वेस्ट और डोर टू डोर प्रोसेसिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया। इस दौरान संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, एई सुमित कुमार, एएसआई रोहित कुमार और सभी एजेंसी मौजूद रही। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने एजेंसियों को बरसात से पहले प्रोसेसिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने लिगेसी वेस्ट की प्रोसेसिंग बरसात से पहले पूरा करने के निर्देश दिए वहीं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली एजेंसियों को रोज आने वाले कचरे की प्रोसेसिंग करने और जो कचरा बिना प्रोसेसिंग के साइट पर है उसे बरसात से पहले प्रोसेसिंग करने के निर्देश दिए।



थनैला की जांच के लिए किया काम

# लुवास को जैव रासायनिक तकनीक के लिए भारत सरकार से पेटेंट मिला

'दूध में अल्फा-1 एसिड ग्लाइकोप्रोटीन की सांद्रता का अनुमान लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। पेटेंट टीम के वैज्ञानिक कुलपति प्रो. नरेश जिंदल व अन्य के साथ।

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), को पशुओं में थनैला (मस्ताइटिस) की जांच के लिए एक नवीन जैव रासायनिक तकनीक के लिए भारत सरकार से पेटेंट प्राप्त हुआ है। 'दूध में अल्फा-1 एसिड ग्लाइकोप्रोटीन की सांद्रता का अनुमान लगाने के लिए जैव रासायनिक परख' शीर्षक इस तकनीक को पेटेंट संख्या 566866 प्रदान की गई है।परीक्षण में दूध के नमूने को एक विशिष्ट रसायन के साथ मिलाकर स्पेक्ट्रोफोटोमीटर के माध्यम से अल्फा-1 एसिड ग्लाइकोप्रोटीन की मात्रा मापी जाती है, जो बीमारी की उपस्थिति में बढ़ जाती है। अब तक लुवास को एक अंतरराष्ट्रीय व 12 राष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त यह शोध कार्य स्नातकोत्तर छात्र डॉ. अनिरबन गुहा द्वारा विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. संदीप गेरा के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा फिजियोलॉजी एवं जैव रसायन विभाग में पूर्ण हुआ। डॉ. जिंदल ने दोनों वैज्ञानिकों को इस उल्लेखनीय नवाचार के लिए बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि लुवास की अनुसंधान गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाती है। डॉ. जिंदल ने आशा जताई कि भविष्य में लुवास के वैज्ञानिकों एवं स्नातकोत्तर छात्र अपने अनुसंधान कार्य को नवाचार की दृष्टि से योजनाबद्ध कर और अधिक आईपीआर पंजीकरण में योगदान देंगे। अब तक लुवास को एक अंतरराष्ट्रीय पेटेंट (तीन देशों में), 12 राष्ट्रीय पेटेंट और दो कॉपीराइट प्राप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय ने कई अन्य अनुसंधानों के लिए भी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के तहत आवेदन प्रस्तुत किए हैं।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसए ढाका, पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज और डॉ. नरेश कक्कड़ भी उपस्थित रहे।

### गाय और भैंसों में थनैला की पहचान के लिए उपयोगी है तकनीक

लुवास के कुलपति एवं अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने बताया कि यह तकनीक गाय और भैंसों में थनैला की पहचान के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। थनैला एक आर्थिक दृष्टि से अत्यंत गंभीर बीमारी है, और इस नई विधि से उसका सटीक निदान आसान हो सकेगा।

### थनैला का शीघ्र निदान आसान और सुलभ बनेगा

डॉ. संदीप गेरा ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परीक्षण तकनीक थनैला के शीघ्र निदान को आसान और सुलभ बनाएगी। हमारा उद्देश्य पशुपालकों को कम लागत पर वैज्ञानिक समाधान उपलब्ध कराना है, और यह नवाचार उसी दिशा में एक सार्थक कदम है।

संकीर्तन करके श्याम बाबा का किया गुणगान

## बीड़ बबरान धाम में सजाया श्याम बाबा का दरबार, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाभारतकाल की याद दिलाने वाले प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन का आयोजन करके श्याम बाबा का गुणगान किया गया।

इस दौरान श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाकर उसे भव्य स्वरूप दिया गया। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर मन्नत मांगी और संकीर्तन में बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस दौरान बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा व अन्य गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा से साक्षात्कार करवाया और धर्म का संदेश दिया।


संकीर्तन के दौरान बीड़ बबरान धाम में सजा श्याम बाबा का दरबार।

संकीर्तन के दौरान निज पुजारी विनय शर्मा ने कहा कि बीड़ बबरान धाम के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है। श्याम बाबा की पूजा व आराधना पुण्य फलदायी है और श्याम बाबा सच्चे भक्तों से बड़ी जल्दी प्रसन्न होते हैं। इसलिए सच्चे मन से मांगी गई मुराद व दरबार में लगाई गई अर्जी अवश्य स्वीकार होती है।

## पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हवन जरूरी : अशोक गिरी महाराज

- आश्रम में सातवें निर्वाण दिवस पर धार्मिक कार्यक्रम का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। भजन कीर्तन करते महंत राजेश्वरानंद महाराज।

कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम के प्रांगण में आश्रम के संचालक एवं गद्दीनशीन महंत राजेश्वरा नंद महाराज के सानिध्य में विश्व कल्याण के लिए आश्रम के प्रांगण में पिछले 21 दिन से 21 धूणों के बीच समाधी लगाकर बैठे महंत सुखदेवा नंद महाराज की तपस्सा विधिवत रूप से संपन्न हो गई है। 21 धूणों की तपस्या से पूर्व विद्वान ब्राह्मणों ने आश्रम में सर्वमंगल कामना व विश्व शांति के लिए हवन यज्ञ के साथ दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ करवाया। तपस्या के समापन अवसर पर डॉ. अशोक गिरी महाराज ने हवन यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिकाल से ही हमारे ऋषि-मुनि हवन करते आए हैं। हवन हमारे देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के साथ-साथ हमारे वातावरण में फैले विषाणुओं को समाप्त करने तथा हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी अहम भूमिका अदा करता है। इसलिए समय समय पर हवन यज्ञ करना चाहिए। सतबीरा नंद महाराज, स्वामी रामानंद, स्वामी श्यामानंद, स्वामी दिव्यानंद महाराज, स्वामी वेद मुनि जी, साध्वी कमलेश, स्वामी सेवानंद, स्वामी पहाड़गिरी, साध्वी शब्दानंद, स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी विवेकानंद, स्वामी कृष्ण कबीर, इंद्रा नंद महाराज, प्रेम दास ने भी अपने प्रवचन दिए। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# गांव मिर्चपुर की बेटी बनी पहली फ्लाइंग ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद


नारनौंद। तनु ढांडा को सम्मानित करते हुए गांव के सरपंच प्रतिनिधि अशोक ढांडा व अन्य।

गांव मिर्चपुर की बेटी तनु ढांडा नहीं इतिहास रचते हुए गांव की पहली भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनने का गौरव हासिल किया है। इसकी खुशी में ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव के सरपंच प्रतिनिधि अशोक ढांडा, समाज सेवी ओमप्रकाश ढांडा ने कहां की बेटी ने पूरे देश में पांचवा रैंक प्राप्त करके गांव का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखने का काम किया है। तनु ढांडा के पिता वीरेंद्र ढांडा और उनकी माता टीचर हैं। वह चाहते थे कि उनकी बेटी कुछ अलग करें। गांव के ही इंडस पब्लिक स्कूल से दसवीं व बारहवीं कक्षा पास करने के बाद। दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। उसके बाद उसने अपने सपनों को पंख लगाने शुरू कर दिए घर में कोई भी सेना में नहीं गया था। एक फौज के अधिकारी ने उनको बहादुरी की किस्से सुनाए तो वो उनसे प्रेरणा लेकर उसने मन में सोचा कि सेना में भर्ती होकर देश के लिए करना चाहिए। माता-पिता टीचर होने के नाते उसको टीचर ही बनना चाहते थे लेकिन तनु ने कुछ और ही सोच रखा था। अगस्त 2024 में एएफसीएटी टेस्ट पास किया। उसके बाद वाराणसी में इंटरव्यू हुआ और 29 मई 2025 को जब परिणाम आया तो तनु ने पूरे देश में पांचवा रैंक प्राप्त किया। उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा कि वह अब सेवा में भर्ती होकर फ्लाइंग आफिसर नियुक्त होगी।



### अजय भारद्वाज बने श्री ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान

**हांसी।** मंडी सैनियान स्थित श्री ब्राह्मण धर्मशाला में मदन लाल शर्मा एवं पूर्व प्रधान मुकेश शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में चुनावी मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अजय भारद्वाज को प्रधान, मदन लाल शर्मा को संरक्षक, टेक चन्द शर्मा, वेद प्रकाश शास्त्री को उप-प्रधान, अनिल कौशिक को सचिव, सुरेन्द्र शर्मा को सह-सचिव, हरिओम शर्मा एडवोकेट को कोषाध्यक्ष, दिनेश शर्मा को सह-कोषाध्यक्ष, तेलू राम शर्मा, रोहित शर्मा, पवित्र कौशिक, अनिल शर्मा, नितिन कौशिक को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर नन्द किशोर भारद्वाज, संजीव कौशिक, अनिल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, मनमोहन शर्मा उर्फ मोनू, सोनू शर्मा, दीपक कौशिक, लीलू राम शर्मा, सुन्दर श्याम शर्मा, विजय वशिष्ठ, प्रमोद शर्मा आदि सहित कई अन्य मौजूद थे।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार किया

**नारनौंद।** थाना नारनौंद पुलिस ने 31 बोतल अवैध देशी शराब सहित कोथ खुर्द निवासी उदय को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना नारनौंद पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को गांव कोथ खुर्द से 31 बोतल अवैध देशी शराब सहित गिरफ्तार कर व्यक्ति के खिलाफ थाना नारनौंद में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपित को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया।

# प्रॉपर्टी आईडी, पीपीपी व आधार कार्ड में जुड़ी सबसे ज्यादा शिकायतें

*समाधान शिविर में तहसीलदार ने सुनी जन समस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते तहसीलदार अनिल कुमार

संयुक्त कार्यालय परिसर में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर की अध्यक्षता तहसीलदार अनिल कुमार ने की, जिन्होंने नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

शिविर में ज्यादातर समस्याएं प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड में त्रुटियों को दुरुस्त करने, तथा खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करवाने संबंधी रहीं। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी प्राप्त शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निवारण करें। इस अवसर पर राजस्व, पंचायत, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण, नगर निकाय, और कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पुलिस ने गांव मसूदपुर में करवाई स्पर्धा, चार गांवों की टीम ने लिया हिस्सा

# मसूदपुर गांव की टीम ने जीती फुटबॉल व खो-खो प्रतियोगिता, 3 विदेशी खिलाड़ियों ने भी दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के दौरान सोमवार गांव मसूदपुर में फुटबॉल व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। यह जानकारी देते हुए हांसी पुलिस नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक रामफल ने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता में राखीगढ़ी, मसूदपुर, ब्याना खेड़ा और सिसाय बोलान गांव की टीमों ने भाग लिया। जबकि खो-खो प्रतियोगिता में मसूदपुर और महजत गांव की लड़कियों की टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल गांव ब्याना खेड़ा व राखीगढ़ी के बीच हुआ, जिसमें राखीगढ़ी की टीम ने ब्याना खेड़ा गांव की टीम पर 3-2 से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मसूदपुर ने सिसाय बोलान की टीम को एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबले में गांव मसूदपुर और राखीगढ़ी की केयान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब टीमों के बीच हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में मसूदपुर की टीम ने 4-3 से मैच जीता।


हांसी। फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में भाग लेते खिलाड़ी।

### विशेष आकर्षण बने विदेशी खिलाड़ी

फुटबॉल प्रतियोगिता में गांव राखीगढ़ी की टीम केयान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब से कैमरून देश के तीन विदेशी खिलाड़ियों ने भाग लिया। विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण बना रहा। वहीं लोगों ने विदेशी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया।

### लड़कियां भी छाई

*लड़कियों के लिए आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में गांव महजत और मसूदपुर की बालिकाओं ने भाग लिया, जिसमें महजत की टीम को हराकर मसूदपुर गांव की लड़कियों की टीम विजेता रही।*

### नशा मुक्ति का दिया संदेश

प्रतियोगिता के दौरान नशा मुक्ति टीम के इंचार्ज उप निरीक्षक रामफल ने ग्रामीणों, युवाओं और खिलाड़ियों को नशे के दुष्परिणामों, यातायात नियमों, और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं ने नशे के खिलाफ जागरूक रहने और समाज को जागरूक करने की शपथ ली। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**प्ररूप संख्या आईएनसी–26**
{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}
**केन्द्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष**
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में
और
**ओम बायोमेडिक प्राइवेट लिमिटेड**
(सीआईएन: U85110HR2005PTC040863)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : **134 / 5 रायपुर लेन, एचटीएम रोड, सैक्टर 1 और 4 के पास, हिसार, हरियाणा, भारत – 125005** में हैं, के मामले में
....**आवेदक कंपनी / याचिकाकर्ता**
एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह आवेदक कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"हरियाणा राज्य"** से **"उत्तराखंड राज्य"** में स्थानांतरित करने के लिए **28 अप्रैल, 2025** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में बदलाव की पुष्टि करने की मांग की गई है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर **क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय, बी–2 विंग, दूसरा तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली–110003** पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।
**134 / 5 रायपुर लेन, एचटीएम रोड, सैक्टर 1 और 4 के पास, हिसार, हरियाणा, भारत – 125005**
आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
**ओम बायोमेडिक प्राइवेट लिमिटेड**
हस्ता / –
**अमित उधरा** (निदेशक)
दिनांक : 09.06.2025
स्थान : हिसार
डीआईएन : 08197264

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग केंद्र में 11 को लगेगा नेत्र जांच शिविर

**हिसार।** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 11 जून को निशुल्क नेत्र जांच शिविर व फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि माई ढाणी एनटी 3 रिजॉर्ट व मोहन फोरव्हीलर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक जारी रहेगा। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक नेत्र जांच करके निशुल्क परामर्श देंगे और इसके साथ ही यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क प्रदान की जाएंगी।

### राष्ट्रीय एसटीईएम क्विज में छात्रों शीर्ष पांच में स्थान

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित एसटीईएम (स्टेम) क्विज 'अभिप्रज्ञाः एक्वियो क्युरियोसाइट 2025' में शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) तिरुपति द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिभाशाली स्टेम स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। गुजविप्रौवि के भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों वंश गठवाल, निकिता, मनीषा कुमारी, उर्मिला सिवाच और अंतु ने अपनी बौद्धिक क्षमता और कठिन परिश्रम के बल पर शीर्ष पाँच टीमों में स्थान अर्जित किया।

### बच्चों ने पंजाबी बोलना, लिखना व पढ़ना सीखा

**हिसार।** शहर के बीडी मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रबंधक कमलदीप भुटानी की देखरेख में विद्यार्थियों में ज्ञान, जागरूकता और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए सात दिनों के समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में पंजाबी भाषा को चुना गया। इस भाषा की जानकारी देने के लिए गुरुद्वारा सिंह सभा से जुड़ी ललिता ढींगरा हंस को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया। कैंप में बच्चों ने पंजाबी बोलना, लिखना, पढ़ना, वहां की कला, चित्रकारी, स्वतंत्रता सेनानी, कलाकार, खिलाड़ी, स्थानीय व्यंजन, मसाले, नदियां, फसलें आदि के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।

### गढ़ी के राजवीर शास्त्री ने लौटाया मोबाइल फोन

**नारनौंद।** रविवार की सुबह प्रातःकालीन भ्रमण के दौरान गांव राखीगढ़ी व खेड़ी चौपटा के बीच नारनौंद से उचाना रोड़ पर सड़क किनारे एक एंड्रॉयड मोबाइल पड़ा हुआ मिला जो चार्ज नहीं था। चार्ज करने के बाद राजबीर शास्त्री ने उसको वापिस लौटाया। इस मोबाइल में बिंदर गंगवा का खाता अटैच था। इसमें काफी पैसै थे जो एक तरफ एक्सीडेंट से घायल अवस्था में परेशान था।जब रविवार की सुबह उनको मोबाइल लौटा दिया। उन्होंने बताया मोबाइल फोन गुम होने कारण वह काफी परेशान थे क्योंकि मोबाइल फोन में जो खाता टेस्ट था उसमें काफी पैसे भी थे उन पैसों से किसी का कर्ज उतारना था।

### जूस किसने फेंके, करवाएंगे जांचः सैनिटरी इंस्पेक्टर

# नागरिक अस्पताल के सामने फेंका एक्सपायरी डेट का जूस

फेंके गए जूस के पाउचों से निकल रही बदबू के कारण वहां से गुजरने वाले वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। नागरिक अस्पताल के सामने फेंकी गई एक्सपायरी डेट की जूस की बोतलें। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल के सामने सड़क किनारे खाली पड़े एक प्लाट में एक्सपायरी जूस की सैकड़ों पाउच पड़े हुए मिले। फेंके गए पाउचों में से कई पाउच लीक होने के चलते उनसे बदबू निकल रही थी। पाउचों से निकल रही बदबू के कारण वहां से गुजरने वाले वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। रात के अंधेरे में फेंकी गई बोतलों की संख्या अधिक होने होने के चलते प्लाट में एक की बजाय कई जगह ढेर लगे हुए थे। सबसे हैरानी की बात यह रही कि नगर परिषद कर्मचारियों को इस पूरे मामले की जानकारी तक नहीं थी।

नागरिक अस्पताल में आने-जाने वाले लोगों को इन पाउच से दुर्गंध भी आने लगी। वहीं अस्पताल के पास पड़े एक्सपायरी डेट के जूस के पाउचों से निकलने वाली बदबू से नागरिक अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों के लिए खतरा बढ़ गया है।

इस संबंध में जब नगर परिषद के सैनिटरी इंस्पेक्टर संजय कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा, उन्हें इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली थी। अब जब मामला संज्ञान में आया है, तो हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्लाट में पड़ी बोतलों को उठवा दिया है। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की जांच करेंगे कि एक्सपायरी डेट की जूस की ये बोतलें कहां से आईं और यहां किसने फेंकी। उन्होंने कहा कि जांच के उपरांत सार्वजनिक स्थान पर पाउच फेंकने वाले आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**लापरवाही पर उठे सवाल**

नगर परिषद की इस अनदेखी भी सवालों के घेरे में हैं। क्योंकि शहर के सबसे महत्वपूर्ण संस्थानों में से एक नागरिक अस्पताल के सामने इस तरह का कूड़ा डाला जाना साफ दर्शाता है कि नगर परिषद की निगरानी और सफाई व्यवस्था केवल कागजों में ही सीमित है।

**क्या कहता है नियम**

स्वास्थ्य मानकों के अनुसार कोई भी एक्सपायरी खाद्य या पेय पदार्थों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाना अनिवार्य है। उन्हें खुले में फेंकना न केवल कानूनन अपराध है बल्कि आम जनता की सेहत के लिए भी गंभीर खतरा है।

# हांसी ट्रैफिक पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान, 7 बाइक जब्त

- 7 बाइकों को किया गया जब्त, 1 लाख 36 हजार रुपये के किए चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल के कागजात की जांच करते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार को चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 7 दोपहिया वाहनों को इंपाउंड कर कुल 1 लाख 36 हजार 500 रुपये के चालान किए गए। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस जिला हांसी क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की गई। विशेष चेकिंग अभियान के तहत बुलेट पटाखा (मोडिफाइड साइलेंसर) एवं बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे 7 दोपहिया वाहनों को इंपाउंड कर1,36,500 का चालान भी किया गया। उन्होंने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस ने हिसार चुंगी से 2 वाहन, नारनौंद सिटी से 1 वाहन, राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक वाहन, श्री काली देवी मंदिर चौक से एक, रामायण टोल प्लाजा से एक तथा सिसाय पुल से एक मोटरसाइकिल का चालान कर इंपाउंड किए गए। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क पर ध्वनि प्रदूषण को रोकना एवं ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस या अन्य वैध दस्तावेजों के पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मोनिका ने बढ़ाया उकलाना का गौरव : अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना



उकलाना। पदक विजेता मोनिका को सम्मानित करते पूर्व मंत्री अनूप धानक व अन्य।

मास्को में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता न्यू सीआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मोनिका का यहां पहुंचने पर अनेक सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। मोनिका को खुली जीप में बैठकर सूरेवाला चौक से लेकर बुड्ढा खेड़ा उकलाना मंडी होते हुए स्कूल परिसर तक ले जाया गया। मोनिका के कोच उमंग ने बताया कि मोनिका ने 52 किलोग्राम भार में मास्को में आयोजित प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है। इसके अलावा मोनिका ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीतकर उकलाना क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी है। स्कूल में आयोजित स्वागत समारोह में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री अनूप धानक ने मोनिका का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि उकलाना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इसके अलावा मोनिका ने उपलब्धि का श्रेय कोच स्कूल प्रशासन माता-पिता को दिया जिनके सहयोग से यह कामयाबी हासिल हुई मोनिका ने कहाउसका लक्ष्य ओलंपिक तक पहुंच कर देश के लिए मेडल जीतना है। विभिन्न संगठनों ने मोनिका को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया । इस मौके पर न्यू सीआर स्कूल के निर्देशक का रवि बिश्नोई, आरडीएम स्कूल के निदेशक कृष्ण चंद्र शर्मा, पर्वतारोही रीना भाटी, सुमित लितानी, मनीष नैन, डॉ. राजेश लितानी आदि रहे।

# साल के अंत तक बदल जाएगी आदमपुर की तस्वीर : मंत्री

- आदमपुर के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करवाएं अधिकारी : रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आदमपुर


आदमपुर। अधिकारियों को निर्देश देते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा है कि इस साल के अंत तक आदमपुर में अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों को पूरा कर लिया जाएगा। इससे आदमपुर की सूरत बदल जाएगी वहीं यहां शहरी तर्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी। रणबीर गंगवा सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने सीवरेज और पेयजल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि जहां पर कार्यों को लेकर जनशिकायतें आई हैं उन्हें दूर किया जाए। सीवरेज सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने बाबत कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य में भ्रष्टाचार व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। लापरवाही व घटिया सामग्री लगाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पीडब्ल्यूडी विभाग तथा मार्केटिंग कमेटी के कार्य शुरू हो चुके हैं, एचएसवीपी के तहत होने वाले कार्यों का टेंडर हो गया है। विकास कार्यों के मद्देनजर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दे दिए गए हैं कि वह पहले पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लें ताकि उसके उपरांत अन्य कार्य सुगमता से किया जा सके। लोक निर्माण विभाग एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में आदमपुर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूरा किया जाए ताकि आमजन को समय पर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने अधूरी परियोजनाओं की सूची लेकर संबंधित अधिकारियों से उनका स्टेटस जाना और आवश्यक निर्देश दिए।

# महिलाओं को आवश्यक कौशल में दक्ष बनाना जरूरी : अनिल मलिक

- महिला सशक्तिकरण विषय पर सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। कार्यक्रम के दौरान राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की राज्य स्तरीय परियोजना बाल सलाह परामर्श व कल्याण केंद्र के तहत जिला बाल कल्याण परिषद एवं ठंडी सडक़ स्थित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बाधाओं को तोडऩाः महिला नवाचार - कैसे दें नेतृत्व को आकार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने महिला नेतृत्व के सशक्तिकरण पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। अनिल मलिक ने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारी बहनें और बेटियां नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ें, तो उन्हें मार्गदर्शन, कोचिंग, सहयोग और समर्थन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ने के लिए महिलाओं को नेतृत्व के सिद्धांतों, रणनीतियों और आवश्यक कौशल में दक्ष बनाया जाना जरूरी है।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस सख्त

- दो बुलेट मोटरसाइकिल का किया 42 .5 हजार का चालान, एक बुलेट इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर की जांच करते एएसआई शैलेंद्र कुमार।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान हांसी ट्रैफिक पुलिस ने सोमवार हिसार चुंगी क्षेत्र में चैकिंग के दौरान दो बुलेट मोटरसाइकिल चालकों का मोडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र और बिना रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के वाहन चलाने के आरोप में 42500 रुपये का चालान कर एक बुलेट को इंपाउंड कर लिया। चैकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे एएसआई शैलेंद्र कुमार ने बताया कि आमजन में ट्रैफिक नियमों को लेकर बढ़ती लापरवाही को देखते हुए पुलिस अब और अधिक सख्ती से कार्यवाही करेगी। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल में लगाए गए मोडिफाइड साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिससे आमजन विशेषकर बुजुर्गों व बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों को तुरंत जब्त किया जाएगा और वाहन को छुड़ाने पर चालान की राशि के साथ-साथ वाहन को ठीक करवाने के प्रमाण भी दिखाने होंगे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में निभाए भागेदारी

- उपायुक्त अनीश यादव ने अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने संस्कारों का समावेश करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग एवं सतर्क है।

यह बात उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के वीसी सभागार में इस अभियान को जिला में अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों की बैठक के दौरान कही। बैठक से पूर्व मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस अभियान को सार्थक बनाने के लिए प्रदेश के सभी उपायुक्त को आगामी योजना बनाकर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त अनीश यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए इसे आगे बढ़ाने में योगदान देने का कार्य करें। उन्होंने राष्ट्रव्यापी इस अभियान में जिले के हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहे इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्यालयों में अधिक से अधिक पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला की एसटीपी, जलघर आदि क्षेत्रों में भी पौधरोपण करने के निर्देश दिए।

डीएफओ रोहताश बिरथल ने जिला वासियों से आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक 'एक पेड़ मां के नाम' से अवश्य जुड़े और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक में जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र श्योराण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रोजगार कार्यालय ने करियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया

# छात्राओं को रोजगार के अवसरों के प्रति किया जागरूक

- शिविर में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड व युनिग्राम कैपिटल कंपनियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। कैरियर मार्गदर्शन शिविर में उपस्थित अभ्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

मंडल रोजगार कार्यालय हिसार द्वारा कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मंडल रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड व युनिग्राम कैपिटल कंपनियों ने भाग लिया।

मंडल रोजगार अधिकारी सुनील कुमारी ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सही करियर चयन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान करना था। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में दसवीं, बारहवीं तथा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों एवं बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों, उनसे संबंधित आवश्यक योग्यताओं, प्रशिक्षण, तथा तैयारी के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें नौकरी पाने के लिए कौशल विकास, रिज्यूमे निर्माण, साक्षात्कार की तैयारी एवं समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस सत्र के माध्यम से युवाओं को बताया गया कि किस प्रकार वे डिजिटल माध्यम से रोजगार के अवसरों तक सरलता से पहुँच सकते हैं।

मंडल रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आज का युवा यदि सही दिशा में प्रयास करें तो वह न केवल स्वयं का भविष्य संवार सकता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### मत्स्य पालकों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**हिसार।** हरियाणा सरकार के मत्स्य विभाग की आयुक्त एवं सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार ने सोमवार को हिसार मंडल के जिला मत्स्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित अन्य राज्य प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि मत्स्य किसानों को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। अमनीत पी. कुमार ने इस दौरान सरकारी व निजी मत्स्य बीज हैचरियों में तैयार किए जा रहे बीज की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**रस्म क्रिया**



**स्व. जगदीश शर्मा**

आपको बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री जगदीश शर्मा अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 30.05.2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म क्रिया दिनांक 11.06.2025 बुधवार को प्रातः 10.00 बजे हमारे निवास स्थान गांव खाडा (अलेवा) नजदीक राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला जीन्द हरियाणा में होगी।

शोकाकुल परिवार

सुरेश शर्मा (भाई) मोहन भारद्वाज (पुत्र) (पत्रकार)
प्रेम शर्मा (भाई) मदन शर्मा (पुत्र)

सम्पर्क सूत्र : 9896052374, 9466345590